# ई-भूमि पोर्टल

## चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2021 को **हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर** की अध्यक्षता में हुई हाई **पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी)** की बैठक में **छह ज़िलों- रेवाड़ी, नूंह, सिरसा, फरीदाबाद, सोनीपत और जींद में सात परियोजनाओं** के लिये भू-मालिकों की सहमति के साथ **ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 311 एकड़ भूमि की खरीद को मंज़ूरी** दी गई, जिसकी लागत लगभग 172 करोड़ रुपए है।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में **चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड** और **जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों** के सात एजेंडों को मंज़ूरी दी गई।
- इनमें रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना, नूंह ज़िले में चार लेन मेडिकल कॉलेज रोड से गुरुग्राम-अलवर रोड (एनएच 248ए) तक रिंग रोड का निर्माण, सिरसा में अतिरिक्त अनाज़ मंडी का विकास, सेंट्रल रोड फंड की अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी योजना के तहत यमुना नदी पर जसना मंझावली अट्टा गुजरान होते हुए ग्रेटर नोएडा के लिये सड़क और पुल का निर्माण शामिल हैं।
- इसी तरह सोनीपत ज़िले में गन्नौर रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली-अंबाला सेक्शन में दो लेन आरओबी का निर्माण, सिरसा ज़िले में महाग्राम योजना के तहत चौटाला गाँव में सीवरेज सिस्टिम एसटीपी का निर्माण तथा जींद में नहर आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-bhoomi-portal